# Bihar Board 10th Objective Question Pdf Download

**1. किस दर्पण की फोकस दूरी ऋणात्मक होता है ?**

(A) समतल दर्पण (B) अवतल दर्पण

(C) उत्तल दर्पण (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( B )

**2. दर्पण की फोकस दूरी (f) और वक्रता त्रिज्या (R) में क्या संबंध है ?**

(A) f = R (B) $f = \frac{R}{2}$

(C) f =2R (D) $f = \frac{3}{2}R$ Ans. ( B )

**3. सामान्य दृष्टि के लिए स्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी है-**

(A) 25 मीटर (B) 25 सेन्टी मीटर

(C) 25 मीली मीटर (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( B )

**4. श्वेत प्रकाश का कौन सा रंग (वर्ण) किसी प्रिज्म से गुजरने के पश्चात् सबसे कम झुकता है ?**

(A) बैगनी (B) नीला

(C) लाल (D) पीला Ans. ( C )

**5. मानव आँख की रेटिना द्वारा बनाई गई छवि होती है।**

(A) आभासी और सीधा
(B) वास्तविक और उल्टा
(C) आभासी और उल्टा
(D) वास्तविक और सीधा
Ans. ( B )

**6. आकाश का रंग नीला प्रतीत होता है -**

(A) प्रकाश के परावर्तन के कारण
(B) प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण
(C) प्रकाश के अपवर्तन के कारण
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. ( B )

**7. किस दर्पण से वस्तु का प्रतिबिम्ब बड़ा बनता है ?**

(A) समतल दर्पण
(B) अवतल दर्पण
(C) उत्तल दर्पण
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. ( B )

**8. निम्नलिखित में कौन सा लेंस निकट-दृष्टि दोष को ठीक करने के लिए उपयोग किया जाता है ?**

(A) उत्तल लेंस
(B) सम्मोत्तल लेंस
(C) अवतल लेंस
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. ( C )

**9. निम्नांकित में से कौन उपकरण विद्युत धारा की उपस्थिति दर्शाता है ?**

(A) गैल्वेनोमीटर (B) मोटर

(C) जेनरेटर (D) वोल्टमीटर Ans. ( A )

**10. "दायें हाथ के अंगुठे" के नियम को किसने प्रतिपादित किया था ?**

(A) ऑटड (B) फ्लेमिंग

(C) आइंस्टीन (D) मैक्सवेल Ans. ( D )

**11. विभवान्तर का S.I. मात्रक होता है :-**

(A) वोल्ट (B) ओम

(C) एम्पीयर (D) कूलम्ब Ans. (A )

**12. निम्नलिखित में किस संयोजन द्वारा प्रतिरोध का मान बढ़ता है ?**

(A) श्रेणी क्रम (B) समानान्तर क्रम

(C) श्रेणी एवं समानान्तर दोनों (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( A )

**13. चुम्बकीय बल रेखा की प्रकृति होती है।**

(A) काल्पनिक (B) वास्तविक

(C) वास्तविक एवं काल्पनिक दोनों। (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( A )

**14. 1 किलोवाट-घंटा किसके बराबर होता है।**

(A) $0.36 x 10^{10}$ जूल (B) $1.6 x 10^{-19}$ जूल

(C) $3.6 x 10^{6}$ जूल (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( C )

**15. नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत क्या है ?**

(A) नाभिकीय ऊर्जा (B) सौर ऊर्जा

(C) कोयले से प्राप्त ऊर्जा (D) प्राकृतिक गैस से प्राप्त ऊर्जा Ans. ( B )

**16. कौन सा लेंस अपसारी लेंस भी कहा जाता है ?**

(A) अवतल लेंस (B) उत्तल लेंस

(C) अवतल एवं उत्तल लेंस दोनों (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( A )

**17. प्रकाश का प्राथमिक वर्ण कौन है ?**

(A) लाल (B) नीला

(C) हरा (D) उपरोक्त सभी Ans. ( D )

**18. निम्नलिखित में से कौन नेत्र का रंगीन भाग होता है ?**

(A) कॉर्निया (B) पुपील

(C) रेटिना (D) आईरिस Ans. ( D )

**19. 1 HP बराबर है -**

(A) 746 वाट (B) 760 वाट

(C) 780 वाट (D) 550 वाट Ans. ( A )

**20. विशालक शीशा (मैग्नीफाइंग ग्लास) होता है -**

(A) अवतल लेंस (B) उत्तल लेंस

(C) अवतल दर्पण (D) उत्तल दर्पण Ans. ( B )

**21. जब किसी चालक तार से विद्युत-धारा प्रवाहित होती है तो गतिशील कण है ?**

(A) परमाणु (B) आयन

(C) प्रोटॉन (D) इलेक्ट्रॉन Ans. ( D )

**22. ऐम्पिर-घंटा मात्रक है -**

(A) शक्ति का (B) आवेश का

(C) ऊर्जा का (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( B )

**23. निम्नलिखित में कौन सा मात्रक वाट (W) के बराबर है ?**

(A) J/S (B) J.S

(C) S/J (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( A )

**24. विद्युत धारा का मात्रक है -**

(A) ऐम्पियर (B) वोल्ट

(C) ओम (D) वाट Ans. ( A )

**25. ग्लोबल वार्मिंग के लिए उत्तरदायी गैस कौन है ?**

(A) $O_2$ (B) $NH_3$

(C) $CO_2$ (D) $N_2$ Ans. ( C )

**26. शरीर में भोजन का पचना किस प्रकार की अभिक्रिया है ?**

(A) उपचयन (B) संयोजन

(C) विस्थापन (D) अपचयन Ans. ( A )

**27. कली चूना पर जब जल डाला जाता है, तब अभिक्रिया होती है -**

(A) उष्माक्षेपी (B) उष्माशोषी

(C) विस्फोटक (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( A )

**28. निम्नांकित में कौन सबसे अधिक अभिक्रियाशील है ?**

(A) Cu (B) Hg

(C) Ag (D) Au Ans. ( A )

**29. चूना जल का रासायनिक सूत्र है -**

(A) $CaO$

(B) $CaCl_2$

(C) $CaOCl_2$

(D) $Ca(OH)_2$

Ans. ( D )

**30. कोई विलयन लाल लिटमस को नीला कर देता है, उसका pH मान होगा -**

(A) 11

(B) 10

(C) 5

(D) 'A' और 'B' दोनों

Ans. (D )

**31. ऐल्काइन में कार्बन-कार्बन के बीच कितने सहसंयोजक बंधन होते है ?**

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

Ans. ( C )

**32. ग्लूकोज का आण्विक सूत्र क्या है ?**

(A) $C_6H_{12}O_6$

(B) $CH_3COOH$

(C) $CH_3CHO$

(D) $CHCl_3$

Ans. ( A )

**33. उच्च वसीय अम्लों के सोडियम लवण कहलाते हैं -**

(A) साबुन (B) अनमार्जक

(C) प्लास्टिक (D) रबर Ans. ( A )

**34.- CHO अभिक्रियाशील मूलक को कहते हैं -**

(A) एल्डिहाइड (B) ऐल्कोहॉल

(C) कीटोन (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( A )

**35. आवर्त सारणी के किसी आवर्त में बाएँ से दाँये जाने पर तत्वों की परमाणु त्रिज्या -**

(A) घटती है। (B) पहले घटती है और पुन: बढ़ती है।

(C) अपरिवर्तित रहती है। (D) बढ़ती है। Ans. ( A )

**36. निम्नांकित तत्वों को उनके अधातु गुण के अनुसार बढ़ते क्रम में सजाएँ Li,O,C, Be, F**

(A) F<O<C<Be<Li (B) Li<Be<C<O<F

(C) F<O<C<Li<Be (D) F<O< Be<C<Li Ans. ( B )

**37. सिलिकन क्या है ?**

(A) धातु (B) अधातु

(C) उपधातु (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( C )

**38. निम्नांकित में कौन विदुत धनात्मक तत्व है ?**

(A) C (B) Cl

(C) Na (D) P Ans. ( C )

**39. टिहरी बाँध का निर्माण किस प्रदेश में किया गया है ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) उत्तराखंड

(C) राजस्थान (D) बिहार Ans. ( B )

**40. निम्नांकित में किस धातु को केरोसिन में डुबो कर रखते हैं ?**

(A) मैग्नेशियम (B) सोडियम

(C) पारा (D) टंग्स्टन Ans. ( B )

**41. अपमार्जक से बनाए जाते हैं -**

(A) सर्फ एक्सल (B) शैंपु

(C) इजी सर्फ (D) उपरोक्त सभी Ans. ( D )

**42. सौर सेल में किसका उपयोग होता है ?**

(A) प्लास्टिक (B) सिलिकॉन

(C) यूरेनियम (D) प्लूटोनियम Ans. ( B )

**43. निम्नलिखित में से किसका उपयोग खाना बनाने वाले ईंधन में नहीं होता है ?**

(A) C.N.G (B) L.P.G

(C) बायो गैस (D) कोयला Ans. ( A )

**44. $2Cu+O2 \longrightarrow 2CuO$ है -**

(A) ऑक्सीकरण (B) अपघटन

(C) उदासीनीकरण (D) विस्थापन Ans. ( A )

**45. निम्नलिखित में कौन सा समीकरण संतुलित नहीं है ?**

(A) $H_2 + Cl_2 \longrightarrow 2HCl$(B) Pb

$(NO_3)_2 \longrightarrow PbO + NO_2 + O_2$

(C) $2H_2 + O_2 \longrightarrow 2H_2O$

(D) $2KClO_3 \longrightarrow 2KCl + 3O_2$ Ans. ( B )

**46. उदासीन विलयन का pH मान होता है -**

(A) 7 (B) 8

(C) 6 (C) 14 Ans. ( A )

**47. निम्नलिखित में कौन दुर्बल अम्ल है ?**

(A) $HNCO_3$ (B) HCl

(C) $CH_3COOH$ (D) $H_2SO_4$ Ans. ( C )

**48. क्रायोलाइट अयस्क है -**

(A) ताँबा का (B) लोहा का

(C) मैग्नीशियम का (D) एल्युमिनियम का Ans. ( D )

**49. पोटैशियम की परमाणु संख्या है -**

(A) 17 (B) 18

(B) 19 (D) 20 Ans. ( C )

**50. फॉर्मिक अम्ल का IUPAC नाम है -**

(A) मेथेनोइक अम्ल (B) प्रोपेनोइक अम्ल

(C) ऐथेनोइक अम्ल (D) इनमें से कोई नहीं Ans. ( A )

**51. इथाइल अल्कोहल का अणुसूत्र है -**

(A) $CH_3OH$ (B) $C_2H_2OH$

(C) $C_2H_5OH$ (D) $C_2H_6OH$ Ans. ( C )

**52. एल्काइन कौन है ?**

(A) $C_2H_2$ (B) $C_2H_6$

(C) $CH_4$ (D)$C_2H_4$ Ans. ( A )

**53. चीनी का रासायनिक सूत्र है -**

(A) $C_6H_{12}O_6$

(B) $C_{12}H_{22}O_{11}$

(C) $CH_3COOH$

(D) $CH_3CHO$

Ans. ( B )

**54. एसीटिलीन में कार्बन-कार्बन के बीच सहसंयोजक बंधन की संख्या है -**

(A) 5

(B) 7

(C) 2

(D) 3

Ans. ( D )

**55. श्वसन के अध्ययन के लिए उपयोग किए जाने वाले बीज हैं -**

(A) सूखे बीज

(B) अंकुरित बीज

(C) उबला हुआ बीज

(D) कुचले हुए बीज

Ans. ( B )

**56. मानव वृक्क किस प्रणाली का एक हिस्सा है ?**

(A) पोषण

(B) श्वसन

(C) उत्सर्जन

(D) परिवहन

Ans. ( C )

**57. पौधों में जाइलम निम्नांकित में से किसके परिवहन के लिए जिम्मेदार है ?**

(A) पानी (B) भोजन

(C) एमीनो एसीड (D) ऑक्सीजन Ans. ( A )

**58. श्वसन के दौरान कौन सी गैस निकलती है ?**

(A) $CO_2$ (B) CO

(C) $N_2$ (D) $O_2$ Ans. ( A )

**59. फलों के पकने को निम्न में से किससे नियंत्रित किया जाता है ?**

(A) ऑक्सीन (B) जिबरेलिन्स

(C) इथीलीन (D) साइटोकाइनिन Ans. ( C )

**60. न्यूरॉन का वह हिस्सा जहाँ जानकारी हासिल की जाती है -**

(A) डेन्ड्राइट (B) तंत्रिकाक्ष :

(C) कोशिका पिण्ड (D) तंत्रिका अंत Ans. ( A )

**61. निम्नांकित में से कौन आपातकाल का हॉर्मोन है ?**

(A) एड्रिनैलिन (B) एस्ट्रोजेन

(C) पाराथारेमोन (D) कैल्सिटोनीन Ans. ( A )

**62. निम्नलिखित में से कौन सी अनैच्छिक क्रिया नहीं है ?**

(A) उल्टी (B) अत्यधिक लार निकलना

(C) दिल की धड़कन (D) चबाना Ans. ( D )

**63. मानव में गर्भ की अवधि कितनी है ?**

(A) 270 दिन (B) 290 दिन

(C) 200 दिन (D) 245 दिन Ans. ( A )

**64. गंगा एक्शन प्लान कब शुरू हुआ ?**

(A) 1973 (B) 1985

(C) 1971 (D) 1983 Ans. ( B )

**65. मुकुलन द्वारा अलैंगिक जनन निम्नांकित किसमें होता है ?**

(A) यीस्ट (B) प्लाज्मोडियम

(C) अमीबा (D) इनमें कोई नहीं Ans. ( A )

**66. निम्न में से कौन-सी बीमारी श्वसनतंत्र से संबंधित है ?**

(A) डायरिया (B) टी ० बी०

(C) निमोनिया (D) (B) एवं (C) दोनों Ans. ( B )

**67. मनुष्य और अन्य मांसाहारी जीव निम्नलिखित में किसका पाचन नहीं कर पाते ?**

(A) प्रोटीन (B) सेल्युलोज

(C) वसा (D) इनमें से सभी Ans. ( B )

**68. ब्रेन हैमरेज का मुख्य कारण है -**

(A) हाइपोटेंशन (B) हृदयघात

(C) हाइपरटेंशन (D) पक्षाघात Ans. ( C )

**69. निम्न में से परजीवी पादप का उदाहरण क्या है ?**

(A) बैक्टीरिया (B) कस्कूटा

(C) विषाणु (D) कवक Ans. ( B )

**70. हृदय से रक्त को संपूर्ण शरीर में पंप किया जाता है -**

(A) फेफड़ों द्वारा (B) निलय द्वारा

(C) आलिंदो द्वारा (D) इनमें से सभी Ans. ( C )

**71. हाइड्रा में अलैंगिक जनन की विधि है -**

(A) मुकुलन (B) पुनर्जनन

(C) विखंडन (D) बिजाणुजनन Ans. ( A )

**72. जनन संचारित रोग है -**

(A) सिफलिस (B) एड्स

(C) गोनोरिया (D) इनमें सभी Ans. ( D )

**73. पुष्प का सबसे बाहरी भाग है -**

(A) बाह्य दलपुंज (B) दलपुंज

(C) पुंकेसर (D) स्त्रीकेसर Ans. ( A )

**74. ब्लड समूह A में कौन सा एंटीबॉडी होता है ?**

(A) 'a' (B) 'ab'

(C) 'b' (D) 'O' Ans. ( C )

**75. रक्त में ग्लूकोज की मात्रा निम्नांकित में से कौन नहीं नियंत्रित करता है -**

(A) इंसुलिन (B) ग्लूकागन

(C) गैस्ट्रीन (D) सोमैटोस्टैनीन Ans. ( A )

**76. पादप वृद्धि हॉर्मोन है -**

(A) जिबरेलिन (B) एड्रिनैलिन

(C) इंसुलिन (D) थायरॉक्सिन Ans. ( A )

**77. हॉर्मोन स्त्रावित होता है -**

(A) अंत: स्त्रावित ग्रंथि से

(B) बहिस्त्रावी ग्रंथि से

(C) नलिका से

(D) इनमें से कोई नहीं

Ans. ( A )

**78. मनुष्य के मुख गुहा में कितने जोड़े लार ग्रंथियाँ पाई जाती हैं ?**

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

Ans. ( C )

**79. एंड्रोजेम है -**

(A) मेल हॉर्मोन

(B) फीमेल हॉर्मोन

(C) पाचक रस

(D) पाराथाइरॉइड हॉर्मोन

Ans. ( A )

**80. मटर को अपने प्रयोग के लिये किसने चुना ?**

(A) मेंडल

(B) डार्विन

(C) लामार्क

(D) खुराना

Ans. ( A )